# हिन्दी

(www.tiwariacademy.com)

(दूर्वा)(पाठ 7)(पुस्तकें जो अमर हैं – मनोज दास)

(कक्षा 7)

प्रश्न 1:

**पाठ से**

क:

सी ह्यांग ती के समय में पुस्तके कैसे बनाई जाती थीं ?

**उत्तर क:**

सी ह्यांग ती के समय में पुस्तके लकड़ी के टुकड़ों को काट कर उस पर गुदाई करके बनाई जाती थीं ।

ख:

पाठ के आधार पर बताओ कि राजा को पुस्तकों से क्या खतरा था ?

**उत्तर ख:**

राजा को पुस्तकों से यह खतरा था कि उसमें उसके पूर्वजों की बुराइयॉ ंतो नहीं लिखी हुई हैं । उसके कारण प्रजा विरोध कर सकती है ।

ग:

पुराने समय से ही अनेक व्यक्तियों ने पुस्तकों को नष्ट करने का प्रयास किया। पाठ में से कोई तीन उदाहरण ढूँढ़कर लिखो।

**उत्तर ग:**

पुराने समय से ही अनेक व्यक्तियों ने पुस्तकों को नष्ट करने का प्रयास किया। जैसे चीन के सम्राट सी ह्यांग ती ।

घ:

बार–बार नष्ट करने की कोशिशों के बाद भी किताबें समाप्त नहीं हुईं। क्यों?

**उत्तर घ:**

बर–बार नष्ट करने पर भी किताबें इसलिए नष्ट नहीं हुईं क्योंकि वे मजबूत लकड़ी के ब्लाक पर बनाई जाती थीं , जिन पर आग का भी कम असर होता था ।

प्रश्न 2:

**तुम्हारी बात**

क:

किताबों को सुरक्षित रखने के लिए तुम क्या करते हो ?

**उत्तर क:**

किताबों को सुरक्षित रखने के लिए हम उस पर कवर चढाते हैं एवं पुरानी किताबों को समय–समय पर दीमक औरसीलन से बचाने के लिए धूप दिखाते हैं। जो पुस्तकेंज्यादा पुरानी हो जाती हैं उन पर जिल्द बंधवाते हैं ।

**खः**
पुराने समय में किताबें कुछ लोगों तक ही सीमित थीं। तुम्हारे विचार से किस चीज के आविष्कार से किताबें आम आदमी तक पहुँच सकीं?

**उत्तर खः**
हमारे विचार से छापे खाने के आविष्कार से किताबें आम आदमी तक पहुॅच सकी इससे पहले पर ताड़ पत्रों या ताम्रपत्रों पर हाथ से लिखी जाती थीं । इसलिए कुछ लोगों तक सीमित थीं ।

**प्रश्न 3:**
सही शब्द भरो
क साहित्य की दृष्टि से भारत का .............. महान है। ;अतीत/भूगोल

**कः**
अतीत
ख पुस्तकालय के तीन विभागों को जलाकर .............. कर दिया गया। गर्म/राख

**खः**
राख
ग उसे किताबों सहित .............. में दफना दिया गया। जमीन/आकाश

**गः**
जमीन
घ कागज ही जलता है, .............. तो उड़ जाते हैं। शब्द/पांडुलिपियाँ

**घः**
शब्द

**प्रश्न 4:**
**पढ़ो, समझो और करो**

| | |
|---|---|
| इतिहास | इतिहासकार |
| शिल्प | मूर्ति |
| शिल्पकार | मूर्तिकार |
| गीत | रचना |
| गीतकार | रचनाकार |
| संगीत | संगीतकार |